PHKM–B–SOC

# समाजशास्त्र (प्रश्न-पत्र–II)

निर्धारित समय : तीन घण्टे

अधिकतम अंक : 250

## प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

(उत्तर देने के पूर्व निम्नलिखित निर्देशों को कृपया सावधानीपूर्वक पढ़िए)

इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो दो खण्डों में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** और **अंग्रेजी** दोनों में छपे हुए हैं।

उम्मीदवार को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू० सी० ए०) पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए। प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।

प्रश्नों की शब्द-सीमा, जहाँ उल्लिखित है, को माना जाना चाहिए।

प्रश्नों के प्रयासों की गणना क्रमानुसार की जाएगी। आंशिक रूप से दिए गए प्रश्नों के उत्तर को भी मान्यता दी जाएगी यदि उसे काटा न गया हो। प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़े गए कोई पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को पूर्णतः काट दीजिए।

---

# SOCIOLOGY (PAPER–II)

Time Allowed : Three Hours

Maximum Marks : 250

ABHYAS ACADEMY

## QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

(Please read each of the following instructions carefully before attempting questions)

There are EIGHT questions divided in two Sections and printed both in HINDI and in ENGLISH.

Candidate has to attempt FIVE questions in all.

Question Nos. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, THREE are to be attempted choosing at least ONE question from each Section.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.

Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

## खण्ड—A / SECTION—A

**1.** निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग *150* शब्दों में दीजिए :

Answer the following questions in about *150* words each : 10×5=50

*(a)* आपके अनुसार, भारत में जाति-व्यवस्था की निरन्तरता के लिए कौन-से कारक उत्तरदायी हैं? व्याख्या कीजिए।

What, according to you, are the factors responsible for the continuance of caste system in India? Explain.

*(b)* भारत में औद्योगिक वर्ग-संरचना में हो रहे परिवर्तनों की चर्चा कीजिए।

Discuss the changes taking place in the industrial class structure in India.

*(c)* क्या भारतीय समाज में असमानताओं के विभिन्न स्वरूपों को समझने के लिए पितृसत्तात्मकता एक कुंजी है? विस्तार से लिखिए।

Is patriarchy a key to understanding different forms of inequalities in Indian society? Elaborate.

*(d)* क्या आपको लगता है कि भारत में नातेदारी के बदलते स्वरूप से पारिवारिक सम्बन्ध प्रभावित हो रहे हैं? टिप्पणी कीजिए।

Do you think that family bondings are being affected by the changing kinship patterns in India? Comment.

*(e)* सरकारी प्रयत्नों के बावजूद, भारत में अब भी बंधुआ मजदूरी जारी है। चर्चा कीजिए।

Despite the efforts of the government, bonded labour still continues in India. Discuss.

**2.** *(a)* भारतीय समाज के अध्ययन पर 'पाश्चात्य' तथा 'भारत-शास्त्रीय (इंडोलॉजिकल)' दृष्टिकोण के बीच अंतर स्पष्ट कीजिए। 'भारत-शास्त्रीय' दृष्टिकोण में जी० एस० घुर्ये के योगदान के प्रमुख पक्षों पर प्रकाश डालिए।

Differentiate between 'Western' and 'Indological' perspectives on the study of Indian society. Bring out the major aspects of G. S. Ghurye's contribution to 'Indological' approach. 20

*(b)* भारत में जनजातियों की पहचान करने में आने वाली परिभाषात्मक समस्याएँ क्या हैं? भारत में जनजातियों के विकास में आने वाली प्रमुख बाधाओं की चर्चा कीजिए।

What are the definitional problems involved in identifying tribes in India? Discuss the main obstacles to tribal development in India. 20

*(c)* आंद्रे बेते के अनुसार, भारत में कृषक-वर्ग की संरचना के क्या आधार हैं? विश्लेषण कीजिए।

What, according to André Beteille, are the bases of agrarian class structure in India? Analyse. 10

**3.** *(a)* समाजशास्त्र में विवाह का अध्ययन क्यों महत्त्वपूर्ण है? भारतीय समाज के लिए विवाह के प्रतिमानों में हो रहे परिवर्तनों के निहितार्थों का विश्लेषण कीजिए।

Why is the study of marriage important in Sociology? Analyse the implications of changing marriage patterns for Indian society. 20

*(b)* क्या आप सोचते हैं कि महिलाओं के लिए किये गये संवैधानिक प्रावधानों ने उनका उत्थान किया है? अपने उत्तर के कारण लिखिए।

Do you think that the constitutional provisions for women have led to their uplift? Give reasons for your answer. 20

*(c)* शिक्षा, सामाजिक विकास की कुंजी है। स्पष्ट कीजिए।

Education is a key to social development. Elucidate. 10

**4.** *(a)* भारत में धार्मिक समुदाय, सांस्कृतिक विभिन्नता में किस प्रकार योगदान देते हैं?

How do religious communities contribute to the cultural diversity of India? 20

*(b)* शक्ति के विकेन्द्रीकरण से आप क्या समझते हैं? भारत में प्रजातंत्र की जड़ों को सुदृढ़ करने में इसकी क्या भूमिका है? विस्तारपूर्वक लिखिए।

What do you understand by decentralisation of power? What is its role in strengthening the roots of democracy in India? Elaborate. 20

*(c)* अस्पृश्यता के कौन-से स्वरूप भारत में आज भी प्रचलित हैं? उचित उदाहरणों सहित चर्चा कीजिए।

What are the different forms of untouchability still practised in India? Discuss with suitable illustrations. 10

## खण्ड—B / SECTION—B

**5.** निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग *150* शब्दों में दीजिए :

Answer the following questions in about *150* words each : 10×5=50

ABHYAS
IAS ACADEMY
Basics to Brilliance

*(a)* भारत में नगरीय बस्तियों की वृद्धि में नए रुझानों का उपयुक्त उदाहरणों के साथ परीक्षण कीजिए।

Examine with suitable examples the recent trends in the growth of urban settlements in India.

*(b)* क्या श्रमिक प्रवास तथा अनौपचारिक क्षेत्र में कोई सम्बन्ध है? भारतीय संदर्भ में तर्कसंगत उत्तर दीजिए।

Is there a connection between labour migration and informal sector? Justify your answer with reference to Indian context.

*(c)* क्या भारत में मलिन बस्तियाँ उद्योगीकरण तथा नगरीकरण की अभिव्यक्तियाँ हैं? व्याख्या कीजिए।

Are slums the manifestations of industrialisation and urbanisation in India? Explain.

*(d)* भारत में राजनैतिक अभिजनों की बदलती प्रकृति की चर्चा कीजिए।

Discuss the changing nature of political elites in India.

*(e)* भारत में हाल ही में हुए कृषक आंदोलन के बारे में आपका क्या मूल्यांकन है? विस्तार से लिखिए।

What is your assessment about the recent farmers' movement in India? Elaborate.

6. (a) भारत में महिलाओं के प्रजनन स्वास्थ्य से सम्बन्धित प्रमुख चुनौतियों की चर्चा कीजिए। इन चुनौतियों को दूर करने के लिए आप क्या तरीके सुझाएँगे?

Discuss the major challenges related to women's reproductive health in India. What measures would you suggest to overcome these challenges? 20

(b) सतत विकास किसे कहते हैं? भारत में सातत्य कैसे प्राप्त किया जा सकता है, जहाँ आजीविका के लिए पर्यावरण-संरक्षण के साथ संघर्ष की आवश्यकता पड़ती है?

What is sustainable development? How can sustainability be achieved in India where livelihood needs conflict with environmental protection? 20

(c) भारत में विकास-योजना की प्रासंगिकता का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए।

Critically examine the relevance of development planning in India. 10

7. (a) पर्यावरणीय आन्दोलन, विकास तथा जनजातीय पहचान की त्रयी का विश्लेषण कीजिए।

Analyse the trilogy between environmental movement, development and tribal identity. 20

(b) भारत में कानूनी प्रावधान किस सीमा तक महिलाओं के विरुद्ध हिंसा कम करने में प्रभावी हैं? अपना तर्क दीजिए।

To what extent have the legal provisions been effective in curbing violence against women in India? Give your argument. 20

(c) आधुनिक भारत में दलित आन्दोलनों की सामाजिक और ऐतिहासिक उत्पत्ति का विवरण दीजिए।

Trace the social and historical origins of Dalit movements in modern India. 10

ABHYAS
IAS ACADEMY
Basics to Brilliance

8. (a) भारत में स्वतंत्रता-पूर्व हुए सुधार-आंदोलनों के प्रमुख योगदान को रेखांकित कीजिए।

Highlight the major contributions of the reform movements in pre-independent India. 20

(b) भारत में कृषि-प्रधान सामाजिक संरचना से सम्बन्धित असमानताओं के विभिन्न स्वरूपों को चिह्नित कीजिए।

Identify different forms of inequalities associated with agrarian social structure in India. 20

(c) दबाव समूह क्या होते हैं? लोकतंत्र में निर्णय लेने में इनकी भूमिका की चर्चा कीजिए।

What are pressure groups? Discuss their role in decision-making in democracy. 10

★★★